
## Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# टंकी पर चढ़ी एम्स से निष्कासित दो युवतियां

**मांग**

## पुलिस-प्रशासन में मच गया हड़कंप

**संवाददाता**

ऋषिकेश। ऋषिकेश एम्स से निष्कासित की गई दो युवतियां अपनी मांगों को लेकर पानी की टंकी पर चढ़ गई। उनकी मांग है कि एम्स प्रशासन उनकी जल्द बहाली कर एक बार फिर उन्हें नौकरी पर रखें। दोनों युवतियों के टंकी पर चढ़ती ही पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया है, सूचना मिलने के बाद स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचकर दोनों युवतियों को टंकी से नीचे उतारने के प्रयास में जुटा रहा। साथ ही दोनों युवतियों से मान मनौव्वल कर रहा है।

बीते 15 अप्रैल को एम्स से निष्कासित इन युवतियों में से एक के पिता एम्स बिल्डिंग की छत पर पेट्रोल की बोतल लेकर चढ़ गए थे। लंबी जद्दोजहद करने के बाद एम्स प्रशासन और एम्स की बिल्डिंग की छत पर चढ़े बुजुर्ग दाताराम ममगाई के बीच वार्ता हुई थी। वार्ता में कुछ बातों पर सहमति बनी थी। हालांकि, यह सब कुछ लिखित रूप में नहीं हुआ था।



वहीं, एम्स से निष्कासित कर्मचारियों ने एम्स प्रशासन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए एक बार फिर अपनी मांगों को लेकर रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित पानी की टंकी पर दो युवतियां चढ़ गई। पानी की टंकी पर दोनों युवतियों की चढ़ने की सूचना मिलने के बाद मौके पर महिला पुलिस फोर्स मौके पर तैनात हो गया। साथ ही ऋषिकेश तहसीलदार और पटवारी भी मौके पर डटे रहे वहीं, ऋषिकेश तहसीलदार रेखा आर्य ने बताया कि आज सुबह 5 बजे दोनों युवतियां पानी की टंकी पर चढ़ गई थी।

यह दोनों युवतियां एम्स में बहाली को लेकर मांग कर रही हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय प्रशासन दोनों युवतियों को पानी की टंकी से नीचे उतारने की कोशिश में लगा हुआ है।

## रोड कटिंग बन रही फजीहत का सबब

ऋषिकेश। **(संवाददाता)** चार धाम यात्रा शुरू होने में कुछ ही दिन बाकी रह गए है। ऑलवेदर रोड का निर्माण कार्य कहीं यात्रियों के लिए परेशानी का सबब न बने इसके लिए अब तक ठोस उपाए नहीं किए जा सके हैं। एनएच 94 पर ऑल वेदर रोड निर्माण कार्य के चलते लगभग रोज ही घंटों जाम लग रहा है। गर्मी और धूल की वजह से यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। सड़क की कटिंग की वजह से खाड़ी, नागणी, धौलापानी के पास लगातार मलबा और बोल्डर गिर रहे हैं। इसके चलते घंटों जाम लग जाता है और कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। लेकिन एनएच अधिकारी और प्रशासन इस ओर से आंखें मूंदे हुए हैं। सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों और मरीजों को हो रही है। गौरतलब है कि प्रदेश में अगने माह से विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा शुरू होने वाली है। जिसकी तैयारियों को लेकर सरकार और प्रशासन लगातार दावे तो कर रहा है। पर जमीनी हकीकत कुछ और बयां करती नजर आ रही है। यहां यह भी गौर करने के काबिल होगा कि सबसे अधिक फजीहत मानसून के दौरान हो सकती है। प्रशासन को ठोस उपाए करने होंगे।

## न्यूज डायरी

### अपर महानिदेशक ने एक भारतीय तटरक्षक पोत प्रियदर्शनी काक मिशन किया

**(ईएमएस)** देहरादून । अपर महानिदेशक के आर नौटियाल दून के ग्राम दृहाजा, जौनसार के निवासी हैं। नौटियाल तटरक्षक बल के तीन स्टार स्तर के दूसरे अधिकारी है जो उत्तराखंड के निवासी हैं। जानकारी के अनुसार भारतीय तटरक्षक अपनी स्थापना के समय मात्र पांच जहाजों के साथ शुरुआत करते हुए , आज, यह 141 जहाजों एवम 62 विमान के साथ दुनिया के चौथे सबसे बड़े तटरक्षक बल के रूप में उभरा है। भारतीय तटरक्षक पोत प्रियदर्शनी काकीनाडा में स्थित होगी, जहां से उसके परिचालन एवम प्रतिबद्धताओं के लिए तैनाती की जाएगी। यह जहाज मत्स्य संरक्षण और निगरानी, तस्करी रोकथाम,अंतर्विरोध, खोज और बचाव, चिकित्सा निकासी और समन्वित समुद्री वायु खोज जैसे विविध कार्यों को करने में सक्षम है।

### महंत विवेकानंद ब्रह्मचारी परशुराम सेना के राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त

**(संवाददाता)** देहरादून/हरिद्वार। राष्ट्रीय परशुराम सेना ब्रह्मवाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. विमल तिवारी एवं राष्ट्रीय मुख्य महासचिव पं. अजय शर्मा ने संयुक्त रुप से मायापुर स्थित श्रीमंगला काली मंदिर के महंत श्रीविवेकानन्द ब्रह्मचारी को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि राष्ट्रीय प्रवक्ता के रुप में श्रीमहंत विवेकानन्द ब्रह्मचारी संगठन के सिद्धांतों के अनुरुप अनुशासित ढंग से कार्य करते हुए संगठन को मजबूत एवं गतिशील बनाने में योगदान देते रहेंगे। श्रीमहंत विवेकानन्द ब्रह्मचारी के राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त होने पर राष्ट्रीय परशुराम सेना कार्यकर्ताओं ने मायापुर स्थित कैम्प कार्यालय पर उनका भव्य स्वागत किया।

### डुकैटी इंडिया ने लैंड ऑफ ज्वॉय को नव स्वरूप दिया

**(संवाददाता)** देहरादून। लक्जरी मोटरसाइकल ब्रांड, डुकैटी ने भारत में ऑल न्यू डुकैटी स्क्रैंबलर श्रृंखला के लॉन्च की घोषणा की। भारत के लिए माई 19 श्रृंखला में आईकन, डेजर्ट स्लेड, फुल थ्रॉटल और कैफे रेसर शामिल हैं और इनका भारत में एक्सशोरूम क्रमशः, आईएनआर 7.89 लाख, आईएनआर 8.92 लाख, आईएनआर 9.78 लाख और आईएनआर 9.93 लाख है। यह नई सीरीज ज्यादा आधुनिक, ज्यादा आरामदायक और ज्यादा सुरक्षित है, जिससे आप बिल्कुल निश्चिंत होकर 'लैंड ऑफ ज्वॉय' का मजा ले सकते हैं। इस लेटेस्ट 'ज्वॉयवॉल्यूशन' अवतार में मोटरसाइकल के मौलिक गुणरू दो पहिए, चौड़ा हैंडलबार, एक सरल व शक्तिशाली इंजन तथा फन की टोन है।

## कुम्भहारों को नही मिल रहा सरकारी सहयोग

**(संवाददाता)** देहरादून। गर्मी आते ही मिट्टी के बर्तनों की मांग बढ़ने लगी है। आधुनिक दौर में जहां बाजार में प्लास्टिक के बर्तनों ने जगह ले ली है। जिसके चलते आजकल लोग इन पारंपरिक मिट्टी के बर्तनों की जमकर खरीददारी कर रहे हैं। मिट्टी के बने बर्तनों को स्वास्थ्य के लिहाज से भी काफी अच्छा माना जाता है। जो लोगों को कई बीमारियों से भी दूर रखते हैं। इन दिनों मिट्टी के बने बर्तनों की मांग बढ़ने से व्यवसायियों के चेहरे खिले हुए हैं। तापमान बढ़ने के साथ ही देशी फ्रिज यानि मिट्टी से बने घड़े और सुराही की मार्केट में मांग तेजी से बढ़ गई है। वहीं, पीढ़ी दर पीढ़ी कुम्हार का काम कर रहे लोगों को सड़क किनारे अपना रोजगार करने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिन्हें जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के नाम पर परेशान किया जाता है। साथ ही कुम्हारों का कहना है कि पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें जगह खाली करने की हिदायत भी दी गई है।



किंगकांग मेले के आयोजन के संबंध में जानकारी देते आयोजक।

## दून के परेड ग्राउंड में किंगकांग पार्क मेले का शुभारंभ

**(संवाददाता)** देहरादून। देहरादून के परेड ग्राउंड में पहली बार किंगकांग पार्क मेले का शुभारंभ किया गया है। यह मेला 12 मई तक चलेगा। मेले में ग्राहकों के लिए हर प्रकार की सुविधा मेले में मुहैया कराई गई है। मेले में टीवी. फ्रिज. किचन का सामान. फुटवियर. स्वास्थ्य संबंधी उपकरण. सारेगामा ज्वेलरी, बच्चों के खिलोने. राजस्थानी ड्रेस. मारवाड़ी नमकीन सहित अनेक प्रकार के खाने के स्टाल लगाए गए हैं।

मेले के आयोजक दीपक जैन और संजय सिंह ने मेला स्थल पर आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि मेले में बच्चों के लिए अनेक प्रकार के बड़े झूले जो कि पहली बार देहरादून में लगाए गए हैं। किंग झूले देखकर ग्राहकों मे खासा उत्साह बना हुआ है। भूतबंगला एवं हंसी घर भी बच्चों के लिए आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं।

मेले में पहले दिन से ही ग्राहकों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। इस अवसर पर आयोजकों द्वारा बताया गया कि मेले में शाम के समय ग्राहकों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

# शिक्षा मंत्री अविभावकों से मांगें माफी

### अब राज्यपाल से लगाएंगे गुहारः सुनील सेठी

**संवाददाता**

देहरादून/हरिद्वार। महानगर व्यापार मंडल जिला हरिद्वार के जिलाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता सुनील सेठी ने शिक्षा मंत्री पर अभिवावकों को भ्रमित करने का आरोप लगाया। पब्लिक स्कूलों की मनमानी को शिक्षा मंत्री को जिम्मेदार ठहराते हुए शिक्षा विभाग के सिस्टम को पूर्ण रूप से असफल बताया।

सुनील सेठी ने प्रेस वार्ता में कहा कि पब्लिक स्कूलों की मनमानी को रोकने में शिक्षा विभाग के तमाम अधिकारी आचारसंहिता का बहाना बनाकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे है। जिसका फायदा पब्लिक स्कूल जमकर उठा रहे है, और अभिवावको को बड़ी फीसें, बिल्डिंग चार्जेस,रिएडमिशन फीस, एनुवल चार्जेस , मेंटिनेंस फण्ड,




प्रेस वार्ता करते हुए सुनील सेठी।

पुस्तके, ड्रेसे, बसों के बड़े किराये एवं अन्य बड़े हुए शुल्कों के नाम पर जमकर लूटा जा रहा है। एन सी ई आर टी आई कि जगह प्राइवेट पब्लिकेशन की महंगी पुस्तके खरीदने को अभिवावको को मजबूर किया जा रहा है। अब एक नया शुल्क मेसेज अलर्ट के नाम पर भी प्राइवेट स्कूलों द्वारा लेना शुरु कर दिया गया है।

सम्पूर्ण जानकारी होने के बावजूद भी शिक्षा विभाग के तमाम अधिकारी एवं अन्य जिम्मेदार अधिकारी प्राइवेट स्कूलों पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नही कर रहे है। जिसके पूर्ण जिम्मेदार शिक्षा मंत्री है। जिन्होंने पूर्व में शासन आदेश देकर अभिवावको को भृमित किया और उसके लिए उन्हें अभिवावको से माफी मांगनी चाहिए और यह सार्वजनिक करना चाहिए कि किन कारणों एवं किसके दबाव के कारण से प्राइवेट स्कूलों की मनमानी रोकने में वह असफल हुए जो अपने ही दिए आदेशो का पालन नही करवा पाएं साथ ही राज्यपाल से पब्लिक स्कूलों की मनमानी रोकने की गुहार लगाते हुए पत्र लिखा गया है।

प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से तेजप्रकाश साहू, अरुण प्रकाश राघव, गोपाल प्रधान, नवीन सैंस, तरुण व्यास, दीपक, जितेंद्र, पंकज, प्रीत कमल ,राहुल चौहान उपस्तिथ रहे।

## चार धाम यात्रा निर्विध्न हो इसके लिए संगीतमयी सुंदर कांड का पाठ

देहरादून **(ईएमएस)**। शुभ मंगल चार धाम उत्तराखंड सेवा समिति के तत्वाधान में चार धाम यात्रा पूर्ण रूप से निर्विध्न संपन्न हो के लिए संगीतमयी सुंदर कांड का पाठ 28 अप्रैल को अतिथि हॉल हरिद्वार रोड पर प्रातः नौ बजे से किया जायेगा।

यहां कचहरी रोड़ स्थित एक होटल में पत्रकारों से रूबरू होते हुए 108 महंत कृष्णा गिरी महाराज न बताया कि इस अनुष्ठानिक आयोजन के संरक्षक ज्योतिषपीठ व्यास आचार्य श्री शिव प्रसाद ममगांई है और आयोजन श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के सीईओ बी डी सिंह के आयोजन में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी की कामना है कि इस अनुष्ठान से चार धाम यात्रा निर्विध्न संपन्न हो और श्रद्धालुओं को कोई कष्ट न हो और चारों धामों के कपाट खुलने के पश्चात जो संपूर्ण भारत के अनेक प्रांतों के निवासियों के दर्शन उत्तराखंड वासियों को यहीं मिल जाते है वह सब हंसी खुशी यात्रा पूरी कर अपने गन्तव्य को वापस लौटें।